प्रभु नाम जप ले

हे नादान बालक ईश्वर का नाम रट ले,
विनती सुनेगें तेरी, प्रभु नाम जप ले॥

बालक बना फिरे तू, किस्मत का मारा-मारा,
नादानियों में तूने जीवन का जुआ हारा,
हे किस्मत के मारे बंदे, खुलवाले अपने ताले,
विनती सुनेगें तेरी.......

मानव का जीवन पाया, कभी राम जाप ना गाया,
तन को तो खूब धोया, पर मन को कभी ना धो पाया,
जीवन सफल बना ले, कटवाले फंदे सारे,
विनती सुनेगें तेरी.......

तेरी बंदगी ही तुझको दर पे ना आने देती,
जहाँ हो रही है पूजा, वहाँ आगे कभी ना आने देगें,
हरि हर के आगे आ तू और शीश को झुका ले,
विनती सुनेगें तेरी.......

हरि नाम जप ले, भक्ति का जाम भर ले,
भगवान दिखाई देगें, कट जाएंगे पाप तेरे,
मुक्ति मिलेगी तुझको, तू राम राम जप ले,
विनती सुनेगें तेरी.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23880/title/prabhu-naam-jap-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |